# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल
# Institute for Excellence In Higher Education, Bhopal

College with Potential for Excellence Status Conferred by UGC

**Office :** Kaliasot Dam, Kolar Road, Bhopal - 462 016 **Tele :** (0755) 2492433, 2492460, Fax : (0755) 2492492
E-mail : iehebpl@bsnl.in, Website : www.iehe.ac.in

क्र. 04/संचालक/2014-15/ भोपाल, दिनांक : ....................

प्रति,

1 प्राचार्य, होल्कर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर
2 प्राचार्य, टी.आर.एस. महाविद्यालय, – रीवा
3 प्राचार्य, आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर
4 प्राचार्य, शा. कन्या महाविद्यालय, सागर
5 प्राचार्य, महाराजा महाविद्यालय, छतरपुर
6 प्राचार्य, जीजाबाई शा० स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर
7 प्राचार्य, कमलाराजे कन्या महाविद्यालय, ग्वालियर
8 प्राचार्य शा० सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल
9 प्राचार्य, माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन
10 प्राचार्य, शा० नर्मदा महाविद्यालय, होशंगाबाद
11 प्राचार्य, शा० पी०जी० महाविद्यालय, शहडोल

**विषयः–** प्रदेश के चुनिन्दा महाविद्यालयों का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों से साझेदारी करने हेतु प्रदेश के चयनित 12 महाविद्यालयों की साझेदारी की कार्य योजना बनाने के संबंध में।

**संदर्भः–** योजना की सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 13–09–14 मे लिए गए निर्णय।

सलाहकार समिति की प्रथम बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार योजना के भागीदार समस्त 12 महाविद्यालयों हेतु एक कार्यशाला का आयोजन होल्कर महाविद्यालय, इंदौर में दिनांक 27–09–14 को प्रातः 10.00 बजे से किया गया है। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इस योजना को महाविद्यालय में लागू करने में सहयोग करने वाले एक संकाय सदस्य शामिल होंगे।

संस्थाओं को अपने यहाँ प्रचलित पाठ्यक्रमों में अन्य भागीदार संस्थाओं के साथ साझेदारी करने, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आदान–प्रदान करने एवं साझेदारी के अन्य संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाने है। प्रथम कार्यशाला में इस दिशा में विचार किया जाना प्रस्तावित है, जिस हेतु भागीदार संस्थाएँ साझेदारी करने योग्य क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए कार्यशाला में पॉवर–पाइंट पर आधारित एक प्रस्तुति देंगी।

निरंतर .....2 . . .

**प्रस्तुति की अवधि 10–15 मिनट तथा बिंदु निम्नानुसार है :–**

1. महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय, विषयवार विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों की संख्या
2. महाविद्यालय में शोध की स्थिति–जर्नल, शोध पत्र प्रकाशन, शोध परियोजना आदि की स्थिति
3. महाविद्यालय में पुस्तकालय की विशिष्टताएँ एवं कमियॉ, Inflibnet के N-List प्रोग्राम की स्थिति
4. महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं की विशिष्टताएँ एवं कमियॉ
5. विषयवार संकाय सदस्यों की विशिष्टताओं के क्षेत्र–शिक्षण एवं शोध हेतु
6. यूजीसी/अन्य एजेंसी से अनुदान की स्थिति
7. महाविद्यालय के साथ अन्य संस्थाओं की साझेदारी की वर्तमान स्थिति
8. महाविद्यालय में नवाचार के प्रयास
9. महाविद्यालय को प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार
10. वैसे क्षेत्र/विषय/शीर्षक जिसमें अन्य भागीदार संस्थाओं से सहयोग अपेक्षित है।

कृपया उक्त कार्यशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा अपने पॉवर–पाइंट प्रस्तुति की एक हार्ड कॉपी भी साथ लेकर आएँ।

प्रत्येक महाविद्यालय अपने महाविद्यालय में इस योजना को कार्यान्वित करने हेतु एक संकाय सदस्य को चिन्हित करते हुए उनका नाम, मोबाइल नम्बर, ई–मेल पता आदि संस्थान को ई–मेल cluster@iehe.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। संस्थान द्वारा सभी सूचनाएँ इस योजना हेतु निर्मित वेब पेज www.iehe.ac.in\cluster.aspx पर उपलब्ध कराई जाएँगी।

MP 15.9.14

( डॉ. मीरा पिंगले )
प्रभारी संचालक
DIRECTOR,
INSTITUTE FOR EXCELLENCE
IN HIGHER EDUCATION
BHOPAL-462016.
भोपाल, दिनांक

पृ0क्र0 04/संचालक/2014-15/

प्रतिलिपि :

1 प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र., भोपाल
2 आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3 विशेष सहायक, माननीय मंत्री/राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा म0प्र0
4 समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा म0प्र0
5 समस्त सदस्य, सलाहकार समिति।

MP 15.9.14

( डॉ. मीरा पिंगले )
प्रभारी संचालक
DIRECTOR,
INSTITUTE FOR EXCELLENCE
IN HIGHER EDUCATION
BHOPAL-462016.